## ग्रैजुएशन ट्रांजिशन योजना (Graduation Transition Plan) क्या है?

ग्रैजुएशन ट्रांजिशन योजना एक 4 क्रेडिट का प्रोग्राम है जो कक्षा 10, 11 और 12 में शुरू से अन्त तक अनिवार्य है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र स्कूल स्टाफ की देखरेख में स्वतंत्र रूप से काम करके यह दिखाते हैं कि उन्होनें निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है:

- <u>अपना स्वास्थ्य</u> (पर्सनल हैल्थ) में, अपने लिए एक स्वास्थ्य योजना बनाए रखना और 150 मिनट प्रति सप्ताह औसत दर्जे से तेज दर्जे के शारीरिक व्यायाम में भाग लेना;
- <u>समुदाय संपर्क</u> (कम्युनिटी कनेक्शन) में, कम से कम 30 घंटे के कार्य अनुभव और / या सामाजिक सेवा में भाग लेना और इससे जो सीखा है उसका वर्णन करना; और
- <u>व्यवसाय और जीवन</u> (कैरियर एंड लाईफ) में, ट्रांजिशन योजना को पूरा करना और महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्रस्तुत करना।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया Graduation Transition ब्रोशर देखें।

## क्या स्नातक होने की, और विश्वविद्यालय / कॉलेज में प्रवेश पाने की आवश्यकताएं एक जैसी होती हैं?

नहीं. 'डॉगवुड प्रमाणपत्र' (Dogwood Certificate) या 'स्नातक प्रमाणपत्र' (Graduation Certificate) प्राप्त करने के लिए छात्रों को स्नातक होने की सभी आवश्यकताएं पूरी करनी पड़ती हैं। लेकिन, हाई स्कूल के बाद की संस्थाओं में प्रवेश पाने के लिए उनकी अपनी निर्धारित आवश्यकताएं होती हैं। इन संस्थाओं में हर विभाग की विशिष्ट पाठ्यक्रमों की आवश्यकता भी हो सकती है। छात्र अपने शिक्षक परामर्शदाता के साथ काम कर के अपने लिए एक योजना बनाते हैं जो उनकी जरूरतों पर पूरी ठहरती है।

## "Graduation Requirements in BC"

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

# *बी सी में स्नातक स्तर (graduation) की आवश्यकताएँ*

## सैकेंडरी स्कूल का स्नातक बनने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी

## स्नातक स्तर की आवश्यकताएँ (graduation requirements) क्या हैं?

स्नातक स्तर की आवश्यकताओं में एक विशिष्ट सैकेंडरी स्कूल पाठ्यक्रम शामिल है जो हर छात्र को 'डॉगवूड प्रमाणपत्र' या स्नातक प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए अनिवार्य होता है।

यह आवश्यकताएं निम्नलिखित हैं:

- अनिवार्य, या आवश्यक पाठ्यक्रम, जिन्हें शिक्षा मंत्रालय द्वारा नियत किया गया है;
- चयनात्मक पाठ्यक्रम जो छात्रों द्वारा व्यक्तिगत रूप से चुने जाते हैं, और
- एक ग्रैजुएशन ट्रांजिशन योजना।

प्रत्येक कोर्स के लिए क्रेडिट संख्या निर्धारित है। एक छात्र को स्नातक बनने के लिए 80 क्रेडिट की जरूरत होती है। इन 80 क्रेडिट में निम्नलिखित शामिल हैं:

- अनिवार्य पाठ्यक्रम के 48 क्रेडिट;
- चयनात्मक (Elective) पाठ्यक्रमों के 28 क्रेडिट, और
- ग्रैजुएशन ट्रांजिशन योजना के 4 क्रेडिट।

## प्रत्येक कक्षा स्तर पर कौन सा पाठ्यक्रम अनिवार्य है?

निम्न तालिका से पता चलता है कि प्रत्येक कक्षा स्तर पर कौन से पाठ्यक्रम लेना शिक्षा मंत्रालय की तरफ से अनिवार्य है।

| पाठ्यक्रम | कक्षा 10 | कक्षा 11 | कक्षा 12 |
|---|---|---|---|
| अंग्रेजी या संचार (English or Communications) | आवश्यक | आवश्यक | आवश्यक |
| सामाजिक अध्ययन | आवश्यक | आवश्यक | |
| विज्ञान | आवश्यक | आवश्यक | |
| गणित | आवश्यक | आवश्यक | |
| शारीरिक शिक्षा | आवश्यक | | |
| प्लैनिंग 10 / ग्रैजुएशन ट्रांजिशन | आवश्यक | आवश्यक | आवश्यक |
| अन्य: | ललित कला 10 (Fine Arts 10) या व्यावहारिक योग्यताएं 10 (Applied Skills10) | ललित कला 11 या व्यावहारिक योग्यताएं 11 | ललित कला 12 या व्यावहारिक योग्यताएं 12 कक्षा 12 के अन्य पाठ्यक्रमों के 12 क्रेडिट (अधिकतर पाठ्यक्रम 4 क्रेडिट के होते हैं) |

## चयनात्मक पाठ्यक्रम क्या हैं?

इन पाठ्यक्रमों को छात्र अपनी रूचि अनुसार चुनते हैं। किसी स्कूल में कितने और कौन से चयनात्मक पाठ्यक्रम उपलब्ध होंगे, यह स्कूल स्कूल पर निर्भर करता है।
ये पाठ्यक्रम किसी भी शिक्षा बोर्ड द्वारा विकसित किए जा सकते हैं, लेकिन यह सभी शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्वीकृत होते हैं।